ॐ

श्री सत्नाम साक्षी

# गुरु आराधना

(सद्गुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज)

## महिमा भजन

**प्रकाशकः**

**स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज**

**प्रेम प्रकाश मण्डल (ट्रस्ट)**

श्री अमरापुर स्थान, एम.आई.रोड,जयपुर

फोनः 0141–2372423, 2372424



सर्वाधिकार सुरक्षित

**प्रकाशकः**

**स्वामी भगत प्रकाश जी महाराज**

प्रेम प्रकाश मण्डल (ट्रस्ट)

श्री अमरापुर स्थान, जयपुर – 302001

**सप्तम् संस्करण 1,000**

**सम्वत् 2067, 2010**

**भेट : 15/–**

मुद्रक :

गणपति, जयपुर

मो. 9828112907 टेलीफैक्स 2207612

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | विवरण | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1. | सद्गुरु टेऊँराम स्वरूप वर्णन | 1 |
| 2. | प्रार्थना | 2 |
| 3. | गुरु प्रार्थनाष्टक | 3 - 5 |
| 4. | सद्गुरु टेऊँराम चालीसा | 6 - 8 |
| 5. | सद्गुरु टेऊँराम महिमा भजन | 9 - 72 |
| 6. | श्री अमरापुर धाम महिमा भजन | 73 |
| 7. | सोलह शिक्षायें | 74 - 75 |
| 8. | शान्ति के दोहे | 76 - 81 |
| 9. | सद्गुरु टेऊँरामाष्टकम् | 82 - 83 |
| 10. | आरतियां | 84 - 87 |
| 11. | छन्द व पल्लव | 88 |
| 12. | पुस्तक सूची पत्र | 89 - 90 |

| सं. | भजन | रचयिता | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 1. | सद्गुरु टेऊँराम स्वामी | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 9 |
| 2. | स्वामी सद्गुरु टेऊँराम आये | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 10 |
| 3. | सद्गुरु टेऊँराम तेरी | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 10 |
| 4. | सद्गुरु टेऊँराम के बिन | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 11 |
| 5. | मेरा सद्गुरु टेऊँराम जगत में | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 11 |
| 6. | ओ मुंहिंजा सत्गुरु टेऊँराम हुआ | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 12 |
| 7. | मेरे स्वामी टेऊँराम, थे वो | सद्गुरु सर्वानन्द जी महाराज | 12 |
| 8. | जन्म लही अजु जोगी आयो | सद्गुरु शान्ति प्रकाश जी महाराज | 13 |
| 9. | मुंहिंजो सत्गुरु टेऊँराम आ | सद्गुरु शान्ति प्रकाश जी महाराज | 13 |
| 10. | सत्गुरु टेऊँराम स्वामी | सद्गुरु शान्ति प्रकाश जी महाराज | 14 |
| 11. | गुरुअ जे जनम जो दिहाड़ो | सद्गुरु शान्ति प्रकाश जी महाराज | 14 |
| 12. | मेरा टेऊँराम गुरुदेव | सद्गुरु हरिदासराम जी महाराज | 15 |
| 13. | जय जय जय टेऊँराम स्वामी | सद्गुरु हरिदासराम जी महाराज | 16 |
| 14. | धरे मनुज अवतार | सद्गुरु हरिदासराम जी महाराज | 16 |
| 15. | सत्गुरु टेऊँराम स्वामी | सद्गुरु हरिदासराम जी महाराज | 17 |
| 16. | मुंहिंजा सत्गुर दीन दयाल | स्वामी गुरुमुखदास जी | 17 |
| 17. | पल पल याद पावे थो मुंखे | स्वामी गुरुमुखदास जी | 18 |
| 18. | मुंहिंजा सत्गुर टेऊँराम | स्वामी गुरुमुखदास जी | 18 |
| 19. | मेरे सद्गुरु टेऊँराम | स्वामी भगत प्रकाश जी | 19 |
| 20. | गुरुदेव मिठा मनठार | स्वामी भगत प्रकाश जी | 19 |
| 21. | जय जय हे स्वामी टेऊँराम | स्वामी भगत प्रकाश जी | 20 |
| 22. | आहियां तुंहिंजे दर जो गुलाम | स्वामी भगत प्रकाश जी | 20 |
| 23. | दिल में हो तस्वीर तेरी | स्वामी भगत प्रकाश जी | 21 |
| 24. | स्वामी टेऊँराम महाराज | स्वामी भगत प्रकाश जी | 21 |
| 25. | अचो प्रेमी हली | स्वामी भगत प्रकाश जी | 22–23 |
| 26. | सन्त सियाणो तूं हुएं | स्वामी माधव दास जी | 24 |
| 27. | अजु खां वठीं ऐ कण्डी | स्वामी माधव दास जी | 25 |
| 28. | मां शेवक तुंहिंजो आहियां | स्वामी चन्दन राम जी | 25 |
| 29. | आखाड़ जो महीनो | स्वामी जीवनमुक्त जी | 26 |
| 30. | ड़ींहु छन्छर आयो आ | स्वामी जीवनमुक्त जी | 27 |
| 31. | सद्गुरु टेऊँराम स्वामी | स्वामी गणेशानन्द जी | 27 |
| 32. | हिन्द ऐं सिन्ध में नालो | स्वामी गंगाराम जी | 28 |
| 33. | सचु पचु हुयड़ो सत्गुरु | स्वामी प्रेमानन्द जी | 28 |
| 34. | टेऊँराम बाबा अञां भी | स्वामी ऊधवदास जी | 29 |
| 35. | सत्गुरु मुंहिंजो कामिल आहे | स्वामी जयप्रकाश जी | 29 |
| 36. | सत्गुरु टेऊँराम जगत जे | स्वामी धर्मप्रकाश जी | 30 |
| 37. | सद्गुरु टेऊँराम स्वामी | स्वामी बसन्तराम जी | 30 |
| 38. | स्वामी टेऊँराम अवतार हुयो | स्वामी बसन्तराम जी | 31 |
| 39. | स्वामी टेऊँराम जगत में | स्वामी स्वयं प्रकाश जी | 31 |
| 40. | स्वामी टेऊँराम गुणरास हो | स्वामी भजनदास जी | 32 |
| 41. | सत्गुरु स्वामी टेऊँराम प्यारो | स्वामी भजनदास जी | 32 |
| 42. | वरी घर घर में वाधाई | स्वामी भजनदास जी | 33 |
| 43. | कामिल कामिल हो कामिल | स्वामी हंसप्रकाश जी | 33 |
| 44. | मेरे सद्गुरु टेऊँराम | संत गोविन्द राम जी | 34 |
| 45. | स्वामी टेऊँराम हुआ अवतारी जी | संत गोविन्द राम जी | 34–35 |
| 46. | मेरे स्वामी टेऊँराम कभी | संत गोविन्द राम जी | 35 |
| 47. | जन्म मनायो मिली मौज मचायो | संत ब्रह्मानन्द जी | 36 |
| 48. | मुंहिंजा सत्गुरु साईं टेऊँराम | संत ब्रह्मानन्द जी | 36 |
| 49. | सद्गुरु टेऊँराम जी अब तो आइये | संत ब्रह्मानन्द जी | 37 |
| 50. | सूंहें मुंहिंजो सांई टेऊँराम | संत ब्रह्मानन्द जी | 37 |

| सं. | भजन | रचयिता | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 51. | सत्गुर मिठे तुंहिंजे नाम ता | संत मनोहरलाल जी | 38 |
| 52. | मूंखे तार अची | संत मनोहरलाल जी | 39 |
| 53. | मुंहिंजा सत्गुर टेऊँराम | संत जयदेव जी | 39 |
| 54. | कलियुग में भव तारण आये | संत जयदेव जी | 40 |
| 55. | ओ सुणो सादगी स्वामी टेऊँराम जी | कवि पहिलाजराम जी | 40 |
| 56. | खण्डूअ में देहि धराई | कवि पहिलाजराम जी | 41—42 |
| 57. | स्वामी टेऊँराम तुंहिंजो झण्डो झूले | कवि पहिलाजराम जी | 42 |
| 58. | मिठो नालो स्वामी टेऊँराम जो | कवि पहिलाजराम जी | 43 |
| 59. | ओ जोगी स्वामी टेऊँराम हो | कवि पहिलाजराम जी | 43 |
| 60. | स्वामी टेऊँराम मिठा | कवि पहिलाजराम जी | 44 |
| 61. | अमर देश खां देहि धरे आयो | कवि पहिलाजराम जी | 44 |
| 62. | वारियूं वसायूं तो सजण | कवि पहिलाजराम जी | 45 |
| 63. | सत्गुरु टेऊँराम महाराज, कयो | कवि पहिलाजराम जी | 45 |
| 64. | स्वामी टेऊँराम आ जीअरो रे | कवि पहिलाजराम जी | 46 |
| 65. | जागियो कृष्णा जो पूरब करम | कवि पहिलाजराम जी | 46 |
| 66. | आशिक अहिड़ो न थीन्दों | कवि पहिलाजराम जी | 47 |
| 67. | आए थे स्वामी टेऊँराम | कवि पहिलाजराम जी | 47—48 |
| 68. | तिखी तूं न बुधमि | कवि पहिलाजराम जी | 48 |
| 69. | शल वधन्दी रहे | कवि पहिलाजराम जी | 49 |
| 70. | जे चईं जोगी बणां बणु | कवि पहिलाजराम जी | 49 |
| 71. | थोड़ा सा इतिहास सुनो | कवि पहिलाजराम जी | 50—51 |
| 72. | अमर कलम से लिखी जाएगी | कवि पहिलाजराम जी | 51—52 |
| 73. | तोखे स्वामी टेऊँराम चवां | कवि परमानन्द जी | 52 |
| 74. | घर घर में तस्वीर दिसां थो | कवि परमानन्द जी | 53 |
| 75. | शहर खण्डूअ में पैदा थियड़ो | कवि परमानन्द जी | 53 |
| 76. | स्वामी टेऊँराम सुधीर | कवि परमानन्द जी | 54 |
| 77. | स्वामी टेऊँराम की अमर कहानी | कवि परमानन्द जी | 54 |
| 78. | गायो सभु गीत खुशियुनि जा | कवि परमानन्द जी | 55 |
| 79. | छन्छर दिहाड़ो आयो | कवि परमानन्द जी | 55 |
| 80. | स्वामी टेऊँराम जी कमाई | कवि परमानन्द जी | 56 |
| 81. | कहिड़ी मां महिमा गायां | कवि परमानन्द जी | 57 |
| 82. | स्वामी टेऊँराम जग में | कवि परमानन्द जी | 57 |
| 83. | स्वामी टेऊँराम हो जोगी जती | कवि परमानन्द जी | 58 |
| 84. | स्वामी टेऊँराम करे व्यो भक्ती | कवि परमानन्द जी | 58 |
| 85. | जोगु जुगिती मिले | कवि परमानन्द जी | 59 |
| 86. | दु:ख दूर कजांइ | कवि परमानन्द जी | 59 |





| सं. | भजन | रचयिता | पृ.सं. |
|---|---|---|---|
| 87. | थी जोगी जोग कमायां | पण्डित सीतल दास जी | 60 |
| 88. | कींअ विहन्दो हुएं, कींअ सुहन्दो हुएं | पण्डित सीतल दास जी | 60 |
| 89. | हुयो स्वामी टेऊँराम, जहिं जपियो | कवि शास्त्री जी | 61 |
| 90. | सिन्ध देश में इक था योगी | कवि चन्दू जी | 61 |
| 91. | तुंहिंजी कृपा जी घुरिजे कणी | कवि हेमन जी | 62 |
| 92. | स्वामी टेऊँराम सुजानी | कवि लालानारायण जी | 62 |
| 93. | स्वामी टेऊँराम जी प्यारा | कवि लालानारायण जी | 63 |
| 94. | वारी ओ वारी | कवि नानक राम जी | 63 |
| 95. | जेसीं गंगा ऐं जमुना में पाणी रहे | कवि नोतनदास जी | 64 |
| 96. | अमरु गीत बुधायां थो मां | कवि नारायण जी | 64 |
| 97. | करि महिर अची सभते | भगत चुन्नी लाल जी | 65 |
| 98. | करि पार तूं बेड़ों मुंहिंजो | भगत किशन जी | 65 |
| 99. | मूं वतो आधार आहे | कवि श्याम लाल | 66 |
| 100. | मुंहिंजो सत्गुरु तूं | कवि वीरभान जी | 66 |
| 101. | सत्नाम साखी जपे | श्री शंकरलाल जी | 67 |
| 102. | किसे राम प्यारा | श्री महादेव जी | 68 |
| 103. | धनु धनु मुंहिंजा सांईं टेऊँराम | सन्त हरिओम लाल जी | 69 |
| 104. | स्वामी टेऊँराम ज्ञानी | कवि वासदेव जी | 70 |
| 105. | सद्गुरु टेऊँराम तेरी अजब | सन्त राजूराम जी | 70 |
| 106. | स्वामी टेऊँराम तेरी महिमा अपरम्पार | सन्त नरेशलाल जी | 71 |
| 107. | मेरे सद्गुरु टेऊँराम साहब | | 71 |
| 108. | स्वामी टेऊँराम दातार | सन्त शम्भूलाल जी | 72 |


ॐ

ॐ श्री सत्नाम साक्षी

# सद्गुरु स्वामी टेऊँराम स्वरूप वर्णन

**'टे' त्रिगुण स्वरूपाय,**
**'ऊँ' निर्गुण निरूपणे।**
**'टेऊँ' ब्रह्माभिधानाय,**
**नमस्तस्मै नमो नमः॥**

**अर्थ**

'टे' तीन गुणों के जो स्वरूप हैं, 'ऊँ' जो तीन गुणों से परे निर्गुण निराकार हैँ ऐसे ब्रह्मस्वरूप सत्गुरु टेऊँरामजी महाराज को हमारा प्रणाम है, प्रणाम है, प्रणाम है।



ॐ सत्नाम साक्षी

# प्रार्थना

हे परम पिता समर्थ बाबा ! सच्चिदानंदघन !
ब्रह्माण्ड नायक ! सदा सुखदायक ! अविनाशी !
घट घट वासी ! स्वयं प्रकाशी ! सब सुख राशी!
सच्ची सुमति देना । स्वांग की लज्जा रखना ।
नगर बन में रक्षा कीजे । अभयदान प्रभु सबको दीजे।।
देश - परदेश दासों-बच्चों की रक्षा करना ।
धर्म की लज्जा रखना । अपनी चलती चलाना ।
अन्तकाल सुहेली करना । तन-मन-धन वाणी
करके मेरे द्वारा किसी की दिल दुःखी न होवे।
सिर धर आयुस करूँ तुम्हारा। परम धर्म ये नाथ हमारा।।
सुत अपराध करत हैं जेते । जननी चीत न राखत तेते।।
जैसे बालक भाव स्वभावे, लख अपराध कमावे ।
कर उपदेश झिणके बहु भान्ती, बहुरि पिता गल लावे।।
सतगुरु तुम पूरण करो, मेरी यह अर्दास ।
कहे टेऊँ मन में कभी, रहे न जग की आस ।।
आशवन्दी गुरु तो दर आई, तुम बिन ठौर न काई।
तूं हरि दाता तूं हरि माता, मेरी आश पुजाईं ।।
पाइ पलउ मैं पेरे प्यादी, आयसि हेत मंझाईं ।
तन मन धन अर्दास करे मैं, मांगत नाम सनेही ।।
नाम तुम्हारा साबुन करसां, धोसां पाप सभेईं ।
कहे टेऊँ गुरु लोक तीन में, आवागमन मिटाईं ।।
ॐ शान्ति ! ॐ शान्ति !! ॐ शान्ति !!!

# गुरु प्रार्थनाष्टक

1. परम पावन गुरु, तेरी हूं दावन गुरु
आवन जावन गुरु, मेरा ही मिटाइये।
हम हैं अजान गुरु, आप हो सुजान गुरु,
आतम का ज्ञान गुरु, मुझको सुनाइये॥
तरन तारन गुरु, करन कारन गुरु,
विघ्न टारन गुरु, बिगड़ी बनाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

2. परम दयाल गुरु, परम कृपाल गुरु,
परम उजाल गुरु, ज्योति को जगाइये।
सुन्दर सुचाल गुरु, नित ही निहाल गुरु,
अमर अकाल गुरु, यम से बचाइये॥
गोविन्द गोपाल गुरु, प्रभु प्रतिपाल गुरु,
राम रखपाल गुरु, बन्धन छुड़ाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

3. परम उदारी गुरु, परम भण्डारी गुरु,
परम आधारी गुरु, नाम को जपाइये।
पर दुःखी हारी गुरु, पर सुखकारी गुरु,
पर उपकारी गुरु, हरि से मिलाइये॥
नित अवतारी गुरु, शुभ गुणकारी गुरु,
कर रखवारी गुरु, ताप को जलाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥



4. शाहन के शाह गुरु, सच्चा पातिशाह गुरु,
बिन परवाह गुरु, विपत्ति हटाइये।
बेवाहन वाह गुरु, बेराहन राह गुरु,
गुणन अथाह गुरु, मारग बताइये॥
दया के दर्याह गुरु, दोषन के दाह गुरु,
बख्श गुनाह गुरु, मोहि न भुलाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

5. राजन के राज गुरु, सन्त सिरताज गुरु,
महा महाराज गुरु, मोहि अपनाइये।
गरीब निवाज गुरु, राखो मेरी लाज गुरु,
पूरे कर काज गुरु, अज्ञान उड़ाइये॥
भव-जल पाज गुरु, सुखन समाज गुरु,
तारक जहाज गुरु, भव से तराइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

6. ब्रह्म के स्वरूप गुरु, आत्म अनूप गुरु,
अमल अरूप गुरु, द्वन्द्व को गलाइये।
अगम अगाध गुरु, अमर अबाध गुरु,
अचल अनाद गुरु, अभेद बनाइये॥
देवन के देव गुरु, अलख अभेव गुरु,
अटल अखेव गुरु, स्वरूप लखाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

7. पूरन सुज्ञानी गुरु, पूरन सुध्यानी गुरु,
पूरन सुदानी गुरु, प्रेम को पिलाइये।
शरण पालन गुरु, संकट घालक गुरु,
मेरे हो मालिक गुरु, दरस दिखाइये॥
करुणा निधान गुरु, सद् महरबान गुरु,
करले कल्यान गुरु, सुमति सिखाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥

8. निओटन ओट गुरु, काटो भ्रम कोट गुरु,
मेटो यम चोट गुरु, पापन पलाइये।
वीरन के वीर गुरु, धीरन के धीर गुरु,
पीरन के पीर गुरु, शान्ति में समाइये॥
तुम धन धन गुरु, मैं हूं तेरा जन गुरु,
मारे मेरा मन गुरु, दोषन दलाइये।
कहे टेऊँ सतिगुरु, राखो मेरी पति गुरु,
ऊँची कर मति गुरु, चरन लगाइये॥





ॐ श्री सत्नाम साक्षी

# सद्गुरु टेऊँराम चालीसा

**प्रथमे हरिहर ब्रह्म को, बार बार प्रणाम।**
**नर तन धर त्रिदेव जो, होया टेऊँराम ॥**

**तप्त धरा मरुदेश में, मेघ देत सन्देश।**
**त्यों जग के कल्याण हित, हरि धारै नर भेष॥**

सिन्ध देश की महिमा भारी, बार बार ऋग्वेद उच्चारी
सिन्धु तीर पावन प्रसंगा, बहती जहां ज्ञान की गंगा
ऋषी मुनी अरु ज्ञानी ध्यानी, पढ़ते जहां ब्रह्म की बानी
धन्य सिन्ध की धरती सारी, धन्य सिन्ध के नर अरु नारी
समय बड़ा प्रबल प्रवीना, वेद पुराणनि वर्णन कीना
काल चक्र दुस्तर अति भारा, आ अधर्म ने पांव पसारा
धर्म कर्म भूले नर नारी, पाप कर्म में वृत्ती धारी
गीता में श्री कृष्ण सुनाया, जब जब भार भूमि पर आया
तब तब ही अवतार धरूं मैं, सत्य धर्म की विजय करूं मैं
प्रण पालन हित ले अवतारा, आए खण्डू नगर मंझारा
चेलाराम के आंगन माहीं, खुशी भई सब के मन माहीं
कृष्णा मां को दरश दिखाया, चतुर्भुजी निज रूप पसाया
शुक्ला तिथि षष्ठम आसाढ़े, प्रकट भए सब काज संवारे
शनिवार का दिवस सुहाना, शशिसम चमकत रूप जहाना
लोली दे दे मात लुडावे, गद् गद् गीत कण्ठ से गावे
बालक वय से हरिगुन माहीं, प्रीत लगी प्रभु सुमरन माहीं
विद्या हेतु जब उन्हें पठाया, सतगुरु आसूराम तहं पाया
गुरु बोले हो स्वयं सिद्ध तुम, परिपूर्ण हो ब्रह्म शुद्ध तुम
बैठ एकान्त में ध्यान लगाया, सहज समाधि के सुख को पाया

खान पान जग विषयों माहीं, रंचक मन कहं लागत नाहीं
लगन लगी गुरु शब्द मंझारी, टूटी मोह कोह की जारी
बालक गण को साथ बिठाये, राम नाम की धुनी लगाए
इक दिन सिन्धू नदी किनारे, बालक गए नहाने सारे
वस्त्र उतार तट पर रख दीन्हें, टेऊँराम के सुपुर्द कीन्हें
बालक जल में खेलन लागे, खिल्लू था उन सब में आगे
खेलत खेलत खिल्लू डूबा, सबने देखा बड़ा अजूबा
वस्त्र सहित गुरु जल के माहीं, कूदे लुप्त भए फिर ताहीं
बालक भय से रोअन लागे, समाचार देवन कुछ भागे
शोकाकुल आये नर नारी, चमत्कार देखा इक भारी
खिल्लू अपनी गोद उठाये, सतगुरु जी तब बाहर आये
अद्‌भुत ऐसा देख निजारा, विस्मित भया नगर तब सारा
खिल्लू कहा सुनो हे भाई, डूब गया जब मैं जल माहीं
सुन्दर देव वहां दो आए, पकड़ा मुझे,वरुण ढिग लाए
इतने में टेऊँराम पधारे, तांको देख प्रसन्न भए सारे
अभिवादन वरुण तब कीन्हा, निज सम्मुख ही आसन दीन्हा
कहन लगे कुछ सेवा बताएं, बोले खिल्लू लेन हम आए
प्रसन्न हो तब दीन्ह विदाई, सद्‌गुरु ने मम जान बचाई
धन्य धन्य गुरु टेऊँरामा, परम पवित्र तुम्हरा नामा
जय हो हे गुरुदेव तुम्हारी, सुख सागर तुम अति हितकारी
स्वर्ण आग संग मल ज्यों त्यागहिं, लेवत नाम पाप त्यों भागहिं
तप्त बुझावत हैं चन्द ज्यों, शीत हृदय करत नाम त्यों
इच्छित वस्तु कल्पतरु देवे, नाम सुमरते सब फल सेवे
अब तो सत्संग की धुनि लागी, मन की माया ममता त्यागी
डंडा झांझ लिया यकतारा, बाजा तबला साज प्यारा
गली गली में धूम मचाई, कृष्ण जैसे रास रचाई
प्रेम बढ़ा जब खण्डू माहीं, गुरु सोचा यहाँ रहना नाहीं
नाम कीर्ती जय जयकारा, इन बातों से सन्त न्यारा





यह विचार कर बिना बताए, जंगल में कुछ दिवस बिताए
आसन वहां जमाया स्थिर, हिंसक जन्तू का था ना डर
खोज खोज प्रेमी वहाँ आए, लौट चलें सबने समझाए
थिर आसन निश्चल मन ठाना, कहा अभी फिर लौट न जाना
घास फूस तृण कुटी बनाई, कन्द मूल खा जान सुखाई
गुरुमन्त्र का कर अभ्यासा, मेट दई जम की सब त्रासा
आतम अन्तर वृती लागी, जगत वासना सकली भागी
पावन भूमी वह जग माहीं, हरिजन करत तपस्या जाहीं
तिस भूमी की रज सिर लावत, गिरिजा को कह शंभु सुनावत
तीर्थ सम वह पूजन जोगी, जहं जहं नाम जपत है योगी
धन्य धन्य है सो अस्थाना, अमरापुर है उसका नामा
अमरापुर स्थान अमर है, दर्श करे सो फेर न मर है
चार धाम सम पवित्र धामा, अमरापुर है उसका नामा
तांकी महिमा कही न जाई, शेष शारदा पार न पाई
बैठ जहां गुरु ज्ञान सुनाया, सत्‌नाम साक्षी मंत्र जपाया
प्रेम प्रकाशी पंथ बनाया, सोए जीवों को था जगाया
जब तक गंग यमुन का पानी, तब तक अमर रहेगी कहानी
सूर्य चन्द्र प्रकाश हैं जौं लौं, नाम प्रकट जग में तव तौं लौं

**अमर देश से आगमन, अमर देश प्रस्थान ।**
**अमरापुर वाणी अमर, अमरापुर स्थान ॥**

**आप अमर चरित्र अमर, अमर आपका नाम।**
**तव शरनागत भी अमर, धन गुरु टेऊँराम॥**

**साधु सन्त सब पूज्य हैं, सबको है प्रणाम ।**
**स्वासों में पर रम रहे, सत्‌गुरु टेऊँराम ॥**

**चालीसा गुरुदेव की, पढ़े सुने जन जोय।**
**श्रद्धा मन में जो धरे, मुक्ती पावे सोय॥**

## भजन-1

तर्जः सुनो सुनो ऐ दुनिया वालो ..................

टेकः सतगुरु टेऊँराम स्वामी, आए धर अवतारा।
जिनके गुण मैं गाय सकूं ना, महिमा अपरम्पारा॥

1. सिन्धु देश में खण्डू नगर इक, महा अती अभिरामा।
बाग़ बग़ीचे सुन्दर गैयां, गोकुल के सम धामा॥
घर-घर में सत्संग कर प्रेमी, जपहिं राम का नामा।
तीन तरफ से नहरें बहतीं, चतुर्थ सिन्धू धारा॥

2. बालपने से हरी भजन में, मस्त हुआ अनुरागी।
जगतर की सब इच्छा त्यागे, होया महा वैरागी॥
अपने घर को छोड़के चलिया, शुक ज्यों भया त्यागी।
सच का कर उपदेश सर्व को, संसा भ्रम संहारा॥

3. टण्डे आदम दक्षिण तरफ में, जंगल था इक भारी।
वहां रेत पर बान्ध के आसन, बैठा धीरजधारी॥
कथा यथार्थ निशदिन करते, सुनते सब नर-नारी।
सन्त मुसाफिर सबके लीये, खोला अखण्ड भण्डारा॥

4. ब्रह्म ज्ञान की बीन बजाकर, सबको निर्भय कीना।
दया करे निज दासनि ऊपर, दान अभय का दीना॥
पूर्ण आत्म पद पहुंचाए, जन्म मरण दुःख छीना।
धर्मराज का डर नहिं वांको, लेखा यम निवारा॥

5. दीन दयालू दीन त्राता, जीव उबारण आया।
करम धरम से भूले थे तिस, सत्मार्ग में लाया॥
अद्भुत अपनी लीला कर फिर, निज स्वरूप समाया।
**सर्वानन्द** मैं सद्वारी, जाऊँ बलि बलिहारा॥





## भजन-2

टेकः स्वामी सत्गुरु टेऊँराम आये, जिन सोये जीव जगाये।

1. सत्संग सुन्दर रास रचाए, प्रेम किया प्रचारा।
सर्व जीवों के मन को मोहिया, बंसी बिरह बजाये॥

2. अपना स्वार्थ सर्व त्यागे, कीना पर उपकारा।
पाप कर्म में भूल पड़े तिस, शुभ कर्मों मग लाये॥

3. तन मन धन पुनि वाणी करके, किसकी दिल न दुखाई।
सब में साक्षी चेतन देखा, औरों को दिखलाये॥

4. अमरापुर स्थान बनाया, रेत ऊपर अभिरामा।
अमरापुर की अमर सो वाणी, गए गम्भीर सुनाये॥

5. प्रेम प्रकाशी पन्थ चलाया **सर्वानन्द** सुखकारी।
जिसकी जग में प्रकट करके, कीर्ति कविजन गाये॥

## भजन-3

टेकः सत्गुरु टेऊँराम तेरी, मैंने देखी महान शक्ति।

1. विश्व व्यापक होय रहा तुम, यूनि चराचर माहीं।
साक्षी चेतन अमर ज्योती, तुम्हरी है हर जाइ जगती॥

2. परम उदारी हो निष्कामी, सच का जा प्रचार करा।
सबकी प्रीती हरि से लाई, जां से मन की दुर्मति दगती॥

3. मजहब वाले भेदवादियों, तुमको बहुत सताया।
लोक निन्दा दुःख सहारा, अटल होई आपकी भक्ति॥

4. **सर्वानन्द** सर्व सुखदाता, सोया जीव जगाया।
कमल जैसे रहा न्यारा, हरि की माया ना तुझ लगती॥

## भजन-4

टेक: सत्गुरु टेऊँराम के बिन, और न कोई मुझे अधारा।

1. जैसे कागा बैठ जहाज पर, जावत सागर माहीं।
चारो तरफ से पानी-पानी, सूझत ना को तिसे किनारा॥

2. जैसे मीना रहत नदी में, बाहर ना कब जाती।
जल बिना वह जीवत नाहीं, एक ही सरिता तिसे सहारा॥

3. बालक को बल मात-पिता का, होत भरोसा भारी।
निर्भय होकर खावत खेलत, हरदम हंसता बारम्बारा॥

4. **सर्वानन्द** न को हितकारी, सत्गुरु सम संसार में।
कठिन समय में जल्दी आकर, कष्ट विघ्न दुःख मेटत भारा॥

## भजन-5

तर्ज: अब सौंप दिया इस जीवन .................

टेक: मेरा सत्गुरु टेऊँराम जगत में, जीव उबारण आया था।
वो तो भव सिन्धु तारण आया था॥

1. मान न चाहत रहत निर्मानी, महा वैरागी सदा सैलानी।
नाम हरी का ले इकतारा, गली-गली में गाया था॥

2. डूबत था जे भव सिन्धु माहीं, कोई सहारा सूझत नाहीं।
ब्रह्मज्ञान की नाव बना तिस, तुरत किनारे लाया था॥

3. अविद्या नींद में जे जन सोया, जनम मरण दुःख सह बहु रोया।
मधुर वचन कह ऊँचे स्वर से, जल्दी तिसे जगाया था॥

4. जिनका जीवन पशू समाना, खाना पीना फिरत अजाना।
शुभ कर्मों की युक्ति सिखा तिस, राम का नाम जपाया था॥

5. **सर्वानन्द** जे जन प्यासी, प्रेमी श्रद्धालू जिज्ञासी।
तन मन धन से सेव करे, पुनि इंच्छित फल को पाया था॥



## भजन-6

तर्ज: जिन लाइ मुहिंजो जियड़ो जले .................

थलु: ओ मुहिंजा सत्गुरु टेऊँराम हुया ।
दे̱ई विरह विछोड़ो घनश्याम विया ॥

1. जे दिल वारा दातार हुया, ऐं ज्ञान विज्ञान भण्डार हुया।
हिन कलयुग में अवतार हुया, जे साखी जपाए सत्नाम विया॥

2. जे मड़द बहादुर शेर हुया, ऐं अचल अदो̱ल सुमेर हुया।
निर्मानी से निर्वैर हुया, करे कर्म सदा निष्काम विया॥

3. जे सर्व गुणन जी रासी हुया, ऐं पूरन प्रेम प्रकाशी हुया।
नित अमरापुर जा वासी हुया, पुर पियारे प्रेम जो जाम विया॥

4. जे **सर्वानन्द** सुखकारी हुया, ऐं जत सत धीरज धारी हुया।
ऐं परम विवेक विचारी हुया, सभ पाड़े पंहिंजा अंजाम विया॥

## भजन-7

तर्ज: बहे अखियों से धार .......

टेक: मेरे स्वामी टेऊँराम, थे वो सदा निष्काम।
पिलाया प्रेम का जाम-सबको मिलाया भगवान से॥

1. गांव खण्डू में जन्म ले आये-सब भक्तों के कष्ट मिटाये।
जैसे अयोध्या में राम, हुए गोकुल में घनश्याम॥

2. गुरु आसूराम को बनाया, अपने तन को था बहुत तपाया।
सदा मुख में था राम, नहीं जग से कुछ काम॥

3. अखण्ड भोजन भण्डारा चलाया, जो भी आया था खूब खिलाया।
आया जो भी सुनकर नाम, पाया आतम विश्राम॥

4. प्रभू मिलने की राह दिखाई, अन्दर अनुभव की ज्योति जगाई।
**सर्वानन्द** सुखधाम - जपाया साक्षी सत्नाम॥

## भजन-8

तर्जः अंञा त ऐट मां आहियां नढ़िड़ी .....................

थलुः जनम लही अॼु जोॻी आयो।
टेऊँराम आ नालो जहिंजो, सभजे मन खे भायो॥

1. चेलाराम खे ॾियनि वाधायूं, ॿार ॿुढा नर नारियूं।
शहर खण्डूअ जे गलीअ-गलीअ में, ॾाढो आनन्द छायो॥
2. जनम लहण सां थी रोशनाई, अविद्या ऊंदहि वयड़ी।
सूरज वांगुरु उभिरी जॻ में, कुल अंधकारु मिटायो॥
3. ग्वाल ॿाल जे कृष्ण जा हुआ, तिनिमां हिकड़ो हीउ भी।
मोहन वांगुरु मुरली वॼाए, सब खे मस्त बणायो॥
4. जॻ जे तारण खातिर जोॻी, हुकुम हरीअ सां आयो।
राम नाम जे ॿेड़े चाढ़े, सारो साथु तरायो॥
5. **शान्ति प्रकाश** चवे हथ जोड़े, ईहो अर्जु अघायो।
सत्गुरु पंहिंजे चरननि में नितु, मन जो प्रेमु वधायो॥

## भजन-9

तर्जः मुहिंजी ॿेड़ी अथई विच सीर ते ...........

थलुः मुंहिंजो सत्गुरु टेऊँराम आ, मुंहिंजो तंहिंखे नित प्रणाम आ॥

1. जॾहिं-जॾहिं थे प्रेमिनि पुकारयो, तॾहिं-तॾहिं अवतार थे धारियो।
जंहिंजो अमरापुर निज धाम आ॥
2. सत्नाम साक्षी मन्तरु ॾेई, सत्गुर तारिया पापी केई।
जंहिंजो दीन दयालू नाम आ॥
3. प्रेम प्रकाशी पन्थ हलायो, उन रस्ते हरि सांणु मिलायो।
जंहिंजो हरि सां मेलणु काम आ॥
4. **शान्ति प्रकाश** गुरु पूरनु आहे, तंहिंजे मटु ॿियो को भी नाहे।
जंहिंजो आतम में विश्राम आ॥



## भजन-10

तर्जः मुंहिंजो मनठार मेहर .................

थलुः सत्गुरु टेऊँराम स्वामी, संतनि सींगार हो।

1. तारनि में जींअ चन्दर, सिद्धन में गोरख सुन्दर।
गोपनि में जींअ गिरधर, तींअं मनठार हो॥
2. कामिल हो कणिया वारो, मर्द हो मणिया वारो।
गोहर हो गुणिया वारो, अनुभव भण्डार हो॥
3. झण्डो जंहिं धर्म झुलायो, पाखण्ड जो पेर पटायो।
राम संदो राह ॿुधायो, कन्दो प्रचार हो ॥
4. **शान्ति प्रकाश** प्यारो, सत्गरु हो सोभ वारो।
हणीं वियो नींह नगारो, दिल जो दातार हो॥

## भजन-11

तर्जः गुरू महाराज ग़रीबनि जो ..................

थलुः गुरुअ जे जनम जो ॾिहाड़ो, मनायूं था मनायूं था।
मिली सभु गीत सत्गुर जा, ॻायूं था ॻायूं था॥

1. खंडूअ जे शहर में थियड़ो, जनम पावन गुरुअ जो अॼु।
करे पूॼा तंहींजी अॼु, निमी सिरड़ो निवायूं था॥
2. कयलि उपकार सत्गुर जा, करे कुल याद दिल अंदर।
रखी श्रद्धा गुरुनि जो जसु, सभिनि खे अॼु सुणायूं था॥
3. गुलनि ऐं फुलनि जी वर्खा, करिनि अॼु देव भी गुर ते।
वॾीअ दिल सां असां भी अॼु, बिगिल बाजा वॼायूं था॥
4. भला थी भाॻ अॼु तिनिजा, थियनि शामिल जे उत्सव में।
वधाइनि शानु सत्गुर जो, भलो तिनिजो मनायूं था॥
5. अर्श ऐं फर्श में आनंद, **शांति प्रकाश** थी वियड़ो।
गुरुअ जे जशन में गॾिजी, असां भी जै बोलायूं था॥

## भजन-12

तर्ज: चली कौन से देश ........

टेक: मेरा टेऊँराम गुरुदेव, मनुज बन आया था।

1. कर्म योग को खूब कमाया, मन को मारा तन को तपाया।
   जोश जलाया था ॥

2. दीपक जैसे जान जलाई, जान जलाकर ज्योति जगाई।
   पथ दिखलाया था ॥

3. जहां रेत के ढेर थे भारी, पशु पंछी की थी वो झारी।
   डेरा लगाया था ॥

4. भड़क उठी जब द्वेष की ज्वाला, चारों तरफ से घेरा डाला।
   ना घबराया था ॥

5. जब तेरी झोंपड़ी जलने लागी, फिर भी न क्रोध की ज्वाला जागी।
   द्वन्द्व गलाया था ॥

6. गीता का सन्देश सुनाया, खाली सुनाया न, करके बताया।
   चलके दिखाया था ॥

7. न्याय नीति और धर्म कर्म का, सत्य शान्ति और मर्म शर्म का।
   पाठ पढ़ाया था ॥

8. **हरिदास** कह हरि से जोड़ा, झूठ कपट पाखण्ड को तोड़ा।
   सत्य बताया था ॥





## भजन-13

तर्ज: प्रार्थना

टेक: जय जय जय टेऊँराम स्वामी, कृपा करो प्रभु अन्तर्यामी।

1. बुरे भले गर हैं तो तुम्हारे, जीते हैं हम तेरे सहारे।
   हम हैं तुम्हारे तुम हो हमारे, बार बार लख बार नमामी ॥
2. चेलाराम के तुम हो नन्दन, मां कृष्णा के नित सुख वर्धन।
   भव भय भंजन जन मन रंजन, बार बार लख बार नमामी ॥
3. खण्डू नगर के नटवर नागर, अमरापुर के नित सुख सागर।
   प्रेम प्रकाशी पंथ दिवाकर, बार बार लख बार नमामी ॥
4. तुम ही सत् हो तुम ही चित हो, तुम ही आनन्द एक अनन्त हो।
   तुम ही गति हो तुम ही मति हो, बार बार लख बार नमामी ॥
5. तुम ही सद्गुरु तुम पितु माता, तुमही **हरि** हर तुम ही विधाता।
   हम हैं भिखारी तुम हो दाता, बार बार लख बार नमामी ॥

## भजन-14

तर्ज: बहे अखियों से धार ..........

टेक: धरे मनुज अवतार, आए कली में करतार।
बोलो जय जयकार, सत्गुरु टेऊँराम की ॥

1. अपने जीवन को तपस्वी बनाया, सत्य मार्ग में सबको लगाया।
   करी ज्ञान गजकार, भागे संशय सियार ॥
2. वचन मीठे सर्व को सुनाया, छल झूठ कपट को हटाया।
   शील संयम को धार, मारा क्रोध अहंकार ॥
3. नित प्रेम का पाठ पढ़ाया, सभ जीवों का द्वेष उड़ाया।
   देके विवेक विचार, मेटा मन का विकार ॥
4. धारी हृदय सहारन शक्ती, करी पूरन हरी की भक्ती।
   **हरिदास** हरवार, जाऊँ बलि-बलिहार ॥

## भजन-15

तर्ज: जोगी जिअ में जादू हणी विया .............

थलु: सत्गुरु टेऊँराम स्वामी, दया करे का दियो दिलदारी॥

1. भरियल भण्डारा तुंहिंजा आहिनि, सिक वारा था सभु कुछ पाइनि ।
सुरकी भरे का दियो सिकवारी ॥

2. कर्ज़ कटे कुल मर्ज़ मिटायो, पंहिंजी हलन्दीअ सांणु हलायो।
सुरही कयो हीय मुंहिंजी पछाड़ी ॥

3. ज्ञानी ध्यानी गुणी बणायो, राम सचे जो रंग चढ़ायो।
भुलिजी वञे हीअ दुनिया सारी ॥

4. तरी न ज़ाणा आहियां अयाणी, लहरूं लोदा बेड़ी पुराणी।
पारि पुजायो भव सिन्धु भारी ॥

5. सवें सवाली दर ते अचनि था, मन जूं मुरादूं हासिल कनि था।
**हरि** दया करि का हिकवारी ॥

## भजन-16

तर्ज: जब तुम ही चले परदेश ............

थलु: मुंहिंजा सत्गुरु दीन दयाल, सदा कृपालु टेऊँराम प्यारा।
वञां तोतां बलि बलिहारा॥

1. छदे शहर वैरागु वसायो तो, झंगल खे मंगल बणायो तो।
सर्दीअ ऐं गर्मीअ जा तो कया सहारा ॥

2. तो अन्तर्मुख अभ्यास कयो, ऐं काम क्रोध खे नासु कयो।
तो ध्रुव भगत जियां ध्यान धरियो दातारा॥

3. तूं व्यास मिसल विद्वान हुएं, गुण ज्ञान हूंदे निर्मान हुएं।
तोमें भगतीअ शक्तिअ जा त हुआ भण्डारा॥

4. तो ओम जो जाप जपायो हो, ऐं भिन्न-भिन्न अर्थ बुधायो हो।
देई **गुरुमुख** ज्ञान संदा तूं वियें त इशारा ॥





## भजन-17

तर्ज: भागनि वारा से थी जग में .............

थलु: पल पल याद पवे थो मूंखे, सत्गुरु टेऊँराम अदा ॥

1. अठई पहिर उकीर गुरुनि जी, तन में तलब तमाम अदा।
रातो दींहां निण्डड़ी नाहे, फिटी पियो आराम अदा॥

2. अखिनि अगियां अवतार फिरे थो, सत्गुरु सुन्दर श्याम अदा।
नेणनि मंझि निवास करे वियो, निर्वैरी निष्काम अदा॥

3. प्रेम जो प्यालो भरे दिनाईं, पुरि करे पीतुम जामु अदा।
नशो चढ़ियो आ नाम जो हरदम, मस्तौ मस्त मुदाम अदा॥

4. गमनि में हर रोज गुजारे, **गुरुमुख** दास गुलाम अदा।
दर्दनि दिल में दूंहों दुखायो, कोन वणे को काम अदा॥

## भजन-18

तर्ज: तुम रूठ के मत जाना ........

थलु: मुंहिंजा सत्गुरु टेऊँराम, तोखे सभई संभारिनि था।
सारी सिन्ध हिन्द जा सभ गाम॥

1. तुंहिंजे दर्शन जा प्यासी, दे दर्शन तूं तिनि खे।
अमरापुर जा वासी॥

2. बिना तुंहिंजे नर नारी, सभु रोअनि था ज़ारोंज़ार।
लगी तिनि खे सिक भारी॥

3. तोखे प्रेमी पुकारिनि था, सभु दर्द मां दाहं करे।
गमगीन गुज़ारिनि था॥

4. तुंहिंजी तार लगी जिनि खे, तिनि घर तड़ व्यो विसिरी।
लगी मेख प्रेमिनि खे॥

5. तोखे **गुरुमुख** सारिनि था, सभु प्रेमी प्रेम मंझां।
जल अखियुनु मां हारिनि था॥

## भजन-19

तर्जः संसार है इक नदिया ........

टेकः मेरे सत्गुरु टेऊँराम, तुम्हें बार-बार प्रणाम।
तेरे चरणों में आकर, मेरे मन को मिले आराम॥

1. तेरी महिमा है न्यारी, तुम भक्तनि हितकारी।
तेरी दिव्य कृपा दृष्टी, अद्भुत मंगलकारी।
दीनों का दुःख हरे, है पावन तेरा नाम॥

2. तुम दीनो के दाता, निर्बल के सहारे हो।
भक्तों के भयहारी, प्राणों से प्यारे हो।
श्रद्धा से जो नमन करे, बन जाए बिगड़े काम॥

3. शरणागत होकर जो, तेरा लेता है आधार।
भव सागर दुस्तर से, पल में वो होता पार।
निशदिन जो करे स्मरन, मन्तर साक्षी सत्नाम॥

## भजन-20

तर्जः होठों से छू लो तुम मेरा ........

थलुः गुरुदेव मिठा मनठार, मुंहिंजा सत्गुरु टेऊँराम।
इहा दया कयो मूंते, नित जपियां तव्हांजो नाम॥

1. पेरनि सां पंधु करे, अमरापुर धाम अचां ।
नेणनि सां सच्चा सतगुर, मां तोखे रोज दिसां ।
हरदमु हथड़नि सां कयां, तुंहिंजी सेवा मां निष्काम ॥

2. मुहिंजो मन विषयुनि खे छदे, तुंहिंजे ध्यान में मगन रहे।
तुहिंजे सुमिरन ऐं चिन्तन, जी मन में लगन रहे।
भुली सुध तन मन जी वञे, अहिड़ो प्रेम जो पियारियो जाम॥

3. मां दासु आहियां तुंहिंजो, तुंहिंजो ही आधारो आ।
सभु दर दुनिया जा छदे, वतो तुंहिंजो सहारो आ।
तुंहिंजी वाणी बुधी मिठड़ी, अचे आनन्द ऐं आराम॥



## भजन-21

तर्जः जाऊं कहां बता ऐ दिल ......

टेकः जय जय हे स्वामी टेऊँराम, निसदिन पुकारूं तेरा नाम।
राम तुम्हीं हो तुम ही शंकर, तुम ही हो मेरे घनश्याम॥

1. है अन्धेरा घना, कुछ ना आता नजर।
मन्जिलों के बिना, चल रहा है सफर।
कुछ ना सूझे मुझे, जाऊं अब मैं किधर॥

2. जग में ढूंढा बहुत, ना सहारा मिला।
डूबती नाव को, ना किनारा मिला।
जिससे पूछा वही, गम का मारा मिला॥

3. जगत से भागकर, आया तेरी शरन।
शान्त कर दो प्रभू, मेरे मन की जरन।
छोड़कर आपको, किसके पकड़ू चरण॥

4. तेरी माया प्रबल, पार इसका नहीं।
मैं तुम्हें जो कभी, भूल जाऊं कहीं।
भूलना ना मुझे, प्रार्थना है यही ॥

## भजन-22

तर्जः भीगा भीगा प्यार का समा .......

थलुः आहियां तुंहिंजे दर जो गुलाम, ओ सचा मुंहिंजा स्वामी टेऊँराम।

1. सुहिणी सूरत मुहिणी मूरत, गेरूअ घघे में सूहें।
तेज भरिओ लासानी मुंहड़ो, मनु सभ जो मोहे।
नूर दिसी तुंहिंजे नेणनि जो, भुली वई दुनिया तमाम॥

2. मां भीखारी तूं आहीं दाता, गुरू गरीब निवाज़।
अवगुण भरियल गुण ना कोई, रखु तूं मुंहिंजी लाज।
पापियुनि जी पोथिनि में सभखां, पहिरीं आ मुंहिंजो नाम॥

3. साथी ना को संगी मुंहिंजो, जांचियुमि सभु संसार।
दीनबन्धू सभु साथ छदे विया, वरितुमि तो आधार।
भटिक्यल मुंहिंजे मन खे मिल्यो, तुंहिंजे चरणन में आराम॥

## भजन-23

तर्ज: मेरा जीवन कोरा कागज .........

टेक: दिल में हो तस्वीर तेरी, होठों पे तेरा नाम ।
मन मेरा तुमको पुकारे, स्वामी टेऊँराम ॥

1. इक पलक भी मन ये मेरा, तुझको ना भूले ।
मुरझाये ना दुःख में मनुवा, सुख में ना फूले ।
याद में गुजरे मेरी हर, सुबह और हर शाम ॥

2. तेरे ही हाथों में सौंपी, अपनी जीवन डोर ।
गुरुवर है अब मर्जी तेरी, ले जाओ जिस ओर ।
तुम जहां सुख है वहां, तुम बिन नहीं आराम ॥

3. है भरा भरपूर तेरा, करुणा का भण्डार ।
बूंद इक मिल जाए तो हो, भव से बेड़ा पार ।
राम भी तुम हो तुम्हीं हो, बंशीधर घनश्याम ॥

4. पतझड़ सा ये जीवन मेरा, अवगुणों की खान ।
भोग विषयों का ही करता, मैं रहा विषपान ।
बन गया जीवन पीया जब, प्रेम का भर जाम ॥

## भजन-24

तर्ज: आ लौट के आजा मेरे मीत .....

टेक: स्वामी टेऊँराम महाराज, तुम्हें भक्तों ने पुकारा है।
अब आके संवारो सब काज, तुम्हें भक्तों ने पुकारा है॥

1. तुम बिन है सूना-सूना ये जीवन, मुश्किल हुई सब राहे।
तुम बिन गुरू जी दिल के ये दुखड़े, जाकर किसे हम सुनाएं।
कोई सुने न ये आवाज़, तुम्हें भक्तों ...........

2. तुम ही हो काशी तुम ही हो मथुरा, तुम ही हो गंगा की धारा।
तेरे चरण रज के एक कण का, मिल जाये मुझको सहारा।
हो जाये ये पार जहाज, तुम्हें भक्तों ...........

3. स्वर्ग से प्यारा धाम तुम्हारा, अमरापुर सुख राशी ।
अपरम्पार है महिमा आपकी हे सत्गुरु अविनाशी।
अब आन बचाओ लाज, तुम्हें भक्तों ...........



## भजन-25

तर्ज: मुंहिंजा सत्गुरु मिठा .......

थलु: अचो प्रेमी हली, कन्दो सत्गुरु भली, डिबु वारो
आयो आयो आ छन्छर दिहाड़ो।

1. खण्डू गोठ जो चमकियो सितारो, थियो भागु सभिनि जो भलारो।
आयो शंकर भोलो, पाए मानुष चोलो, मोचारो॥

2. माता कृष्णा जो अङणु वसायो, चेलाराम घर आनन्द छायो।
जगतर जो धणी, आयो मनुष बणीं-सोभारो॥

3. दिनीं माता ज्ञान जी लोली, बोले मदालसा जींअ बोली।
पुट ज्ञानी थिजाइं, नालो अमर कजाइं, उजियारो॥

4. दादा आसन दास जी वाणी, मिठी जीजल बुधाई कहाणी।
बोल बालकु बुधे, वैरागु वधे, मतिवारो॥

5. हल्यो पाठशाला में जानी, मिल्यो आसूराम गुरु ज्ञानी।
गुरु पूरण मिल्यो, सभु मिटिजी वयो-अंधियारो॥

6. गुरु नाम सां लिंवड़ी लाए, वेठो झंगल में आसणु लगाए।
मनु मगन थियो, सभु भुलिजी वियो, वंहिंवारो॥

7. चयो माता वञीं करि कमाई, जंहिंमां सुखी रहीं त सदाई।
चवणु मुंहिंजो मञीं, खोलि हटड़ो वञीं, दीन्हुं सारो॥

8. अमां जूठो जगत जो पसारो, छदे हलिणो आ हिक दींहु सारो।
सुखु तंहिं में नांहे, इंएं दिलिड़ी चाहे, रहां न्यारो॥

9. अमां जोगियुनि बिनां सुञं भायां, तिनि सन्तनि जा पन्ध पुछायां।
खोल्यो हटड़ो आ जिनि, जिति सौदो दियनि-सचवारो॥

10. ही हटड़ो आ हक जो पुराणो, जितां मिलन्दो आ नाम जो नाणो।
कीन कदहीं खुटे, भावें केदो लुटे-वधणहारो॥

11. लॻी लगन रातियुनि जो जाॻी, ठाहिया भॼन वेही वैराॻी।
यकतारो खणी, रीझायो धणी, जीअ जियारो ॥

12. जॾहिं सिन्धू दरियाह आयो काहे, चइनी पासे खंडूअ खे वराए।
अची पंचनि चयो, सभु सवली कयो–ॾियो सहारो ॥

13. सचो दूलहु दरिया शाहु आहे, थो सुवालिनि जा सुवाल पुॼाए।
ईहें विनती कई, वयो पाणी लही–चौधारो ॥

14. वधियो प्रेम खण्डूअ में जॾहीं, कयो तहिंखां किनारो तॾहीं।
संगी साथी न ॿियो, हिकु हथ में खंयो–यकतारो ॥

15. वञीं वारीअ ते आसणु लॻायो, टंडे आदम में ॾेरो ॼमायो।
भुली जॻतरु वयो, नामु निर्मल जपियो, निरंकारो ॥

16. कच्ची कुटिया कखनि जी ठाहे, वेठा मनड़ो मालिक सां मिलाए।
तंहिंते आसणु अॾियो, सभु काटे छॾियो–जमॼारो ॥

17. हुजे केॾो बि सियारो भारी, या ततल हुजे भली वारी।
पदमासन पको, गॾु यार यको–पिरीं प्यारो ॥

18. घड़ी जॾहिं परीक्षा जी आई, अची जुल्मिनि बाहि लॻाई।
चयाऊं आहे न ॿियो, करे लीलां पयो–कृष्ण कारो ॥

19. कई तपस्या जिते वेही भारी, ठही अमरापुरी सुखकारी।
जेको सिकसां निवें, तंहिंजो चमकी पवे– त सितारो ॥

20. सत्नाम साखी जो उच्चारे, तंहिंजा सत्गुरु थो दुखड़ा टारे।
ॼमें सो ना मरे, सहजे ही तरे – भव भारो ॥

21. ढोढो चटणीं छन्छर ॾीन्हुं ठाहे, अची साईंअ खे भोॻु लगाए।
सदा सुख सो लहे, तंहिंजो भरियो रहे – त भण्डारो ॥

22. अची छन्छर ॾीन्हुं सीसु झुकाए, सभु मन जूं मुरादूं सो पाए।
तंहिंजा कारज थियनि, गुरु सभु कुछ ॾियनि–वरे वारो ॥



## भजन–26

तर्ज: वारियूं वसायूं तो सॼण ......

थलु: सन्त सियाणो तूं हुएं सन्त सियाणो,
स्वामी टेऊँराम तूं हुएं सन्त सियाणो।

1. गुणवान सचो ज्ञानी ग़मटार तूं हुएं,
बिरिह सन्दे बाग़ जो गुलज़ार तूं हुएं।
कन्दो भॻति भाव जो प्रचार तूं हुएं,
शांति रूप सभ खे हुएं साईं सेबाणो ॥

2. मुल्कनि में वञी तो कयो प्रचार प्रेम जो,
सभ खे ॾिनो तो ई सहचार प्रेम जो।
खुलियलु रख्यो ख़ास तो भण्डार प्रेम जो,
वण्डे ॾिनो सभ खे सचो नाम जो नाणो ॥

3. उजिड़ियल बैबान जे आबाद तो कया,
नंढा वॾा शहर सभई शाद तो कया।
विछिड़िया जन्मनि जा केई याद तो कया,
सत्संग जो हरहंधि लातुइ दाता दीॿाणो ॥

4. जिनिखे न आयो अखरु तिनी ज्ञान तो ॾिनो,
जिनि जा मलीन हृदा तिनि ध्यान तो ॾिनो।
जिनिखे न पुछे जॻ में, तिनि मानु तो ॾिनो,
कहिड़ी तुंहिंजी महिमा ॻाए **माधव** निमाणो ॥

## भजन-27

तर्जः ऐ दिल मुझे बता दे .........

थलुः अजु खां वठी ऐ कण्डी, तो में कंडा न थींदा ।
साधनि जा शेवाधारी, मूरौं मंडा न थींदा ॥

1. थींदा भण्डारा भारी-रहन्दा बि शेवाधारी ।
हलन्दे चलन्दे टुलन्दे-कदहीं टुण्डा न थींदा ॥

2. लगन्दा रहन्दा मेला - ईंदा सवें श्रद्धालु।
चढ़दियूं रहंदियूं देगियूं-गुमु भी हण्डा न थींदा॥

3. सत्गुरु टेऊँराम चयो-रहन्दी तो में बि छाया।
पुजंदियूं मुरादूं मन जूं-टेढ़ा दुण्डा न थींदा ॥

4. सत्गुरु दिनी समझाणी-**माधव** समझ वारी।
सिदकी सदाईं सावा-निमंदड़ नंढा न थींदा॥

## भजन-28

तर्जः मां स्वाली तो दरि आहियां .......

थलुः मां शेवक तुंहिंजो आहियां-ओ सत्गुर टेऊँराम,
करि महिर अची का मालिक ।

1. सिक तुंहिंजीअ आहि सतायो-दिल दर्दनि दुंहों दुखायो।
नित नेणनि नीरु वहायो-मां दर्शनु तुंहिंजो चाहियां॥

2. तुंहिंजो प्यालो आहे निरालो-करे पीअण सां मतिवालो।
कटे जगजो सभु जंजालो-पी प्यालो जगतु भुलायां॥

3. चवे **चंदन** ऐबनि हाणो-करि सत्गुर तूं ना माणो।
आहियां तो दरि मां त विकाणो-नितु चरने सीसु निवायां॥





## भजन-29

तर्जः सावन का महीना ........

थलुः आखाड़ जो महिनो छन्छर करे शोरु।
आयो रे आयो शहर खण्डूअ में, टेऊँराम सिरमोरु।

1. झूलो झुलाए कृष्ना-लोदे पई लादु मां।
गुल भी वसाया देवनि, बीठे आकाश मां।
इन्द्र कयो इशारो, गन्धर्व कनि गोडु॥

2. दर्शन करण केई, आया संत रागी।
दिसी साईंअ खे, चवनि वदभागी।
पकी प्रभूअ सां हीउ, बधंदुमि दोरि॥

3. सत्गुरु मुंहिंजो, वदिड़ो थियड़ो।
माता कृष्णा, गाल्हायो तकिड़ो।
आणे घर में संत, अबा करीं वेठो गोडु॥

4. संत खाईदा अमां, राज़ी से थींदा।
अन ऐं धन जा, भण्डार भरींदा।
खाए सन्तु साधू अमां, खाए भली चोरु॥

5. **जीवन मुक्त** चरने, सीसु झुकायो।
स्वामी टेऊँराम जो, ध्यान लगायो।
कंदो जेको शेवा, थींदो सोई ज़ोरु॥

## भजन-30

तर्ज: तुम रूठ के मत जाना ........

थलु: दीं॒हुं छन्छर आयो आ, जनम स्वामी टेऊँराम जो,
मिली शिष्यनि मल्हायो आ॥

1. थियो भा॒गु भलो सभ जो-जेके दीं॒हुं मल्हाइनि था।
आहे वारो वरियो तिन जो॥

2. मिली महिमा गा॒इनि था-कृपा स्वामी टेऊँराम जी।
पंहिंजो घरड़ो वसाइनि था॥

3. भला छन्छर सदोरो आ-करे आश थिए पूरी।
झुलियो घर में हिन्दोरो आ॥

4. चवे **जीवन मुक्त** जाई-खाली कोन वियो दर तां।
मिली सभ खे आ वाधाई॥

## भजन-31

तर्ज: से सब स्थल तीर्थ जानो ........

थलु: सत्गुरु टेऊँराम स्वामी, सभिनि सुखनि जो धाम थियो।

1. खूह मां जल सुकी व्यो जद॒हिं,
तंहिं में जल तो जामु कयो॥

2. ख़ाली देग में वारी विझाए,
तंहिंमां सुन्दर ताम कयो॥

3. कण्डा कण्डीअ जा लगा॒ थे जद॒हीं,
तंहिं लसो लारे लाम कयो॥

4. **गणेशानन्द** गुरु महिमा गा॒ए,
डिब॒ खे तीर्थ धाम कयो॥



## भजन-32

तर्ज: देख तेरे संसार की हालत ........

थलु: हिन्द ऐं सिन्ध में नालो तुंहिंजो, थी वियड़ो निर्वार,
स्वामी टेऊँराम अवतार॥
जुहिद मंझां तो जोगु॒ कमायो, जा॒णी झूठ संसार, स्वामी..

1. मोहन वारी मुरली व॒जाइ-नर नारियूं सभु मस्त बणायइ।
चइनि तरफ खां बु॒धिजे पेई-तुंहिंजी जै जैकार, स्वामी...

2. जेके तुंहिंजे शरनी आया-तिनि जा तो दुःख दर्द मिटाया।
प्रेमिनि जा तो पल में सत्गुर -बे॒ड़ा कयड़ा पार, स्वामी.....

3. मण्डल तुंहिंजो मौज मचाए-चेट महीने में मेलो लाए,
प्रेम सन्दो प्रचार थिए थो-ख़लक अचे त हज़ार, स्वामी....

4. स्वामी सर्वानन्द कई कमाई-सा॒गी॒ अमरापुर त बणाई।
**गंगाराम** तंहिं ज्योति दि॒नी तो-जंहिंजो आ चिमकार, स्वामी

## भजन-33

तर्ज: पल पल यादि पवे थो ......

थलु: सचु पचु हुयड़ो सत्गुरु मुंहिंजो, टेऊँराम भ॒गवान अदियूं।

1. मौज सां मिठिड़ी मुरली व॒जाए, मनड़ो कयो मस्तान अदियूं।
हरि भ॒गि॒तीअ ऐं प्रेम जो प्यालो, दि॒नड़ो आत्म ध्यान अदियूं॥

2. शहर टण्डे में शाही विधड़ो, अमरापुर स्थान अदियूं।
बाग़ बग़ीचा चमन चौधारी, खिड़िया गुल गुलिस्तान अदियूं॥

3. झंगल में गुरु मंगल कयड़ा, रह्या थे सन्त सुजान अदियूं।
अठई पहर भण्डारो हल्यो थे, थ्यो सभ जो सन्मान अदियूं॥

4. **प्रेमानन्द** मां पूरे गुरु तां, करियां सिर कुर्बान अदियूं।
सेघ में लहंदो सार असांजी, दीं॒न्दो दर्शन दान अदियूं॥

18

## भजन-34

तर्ज़ः नाले अलख जे बेड़ो तार ......

थलुः टेऊँराम बाबा अञां भी हुजीं हा,
भगति ज्ञान गुण में सदाईं गजीं हा॥

1. प्रेमिनि जे दिलि में उथनि था ओलाम्बा,
अची दे दिलासो तिनिखे तूं बाबा।
करे महिर मालिक, मण्डल ना तजीं हा॥

2. झंगल खे वसाए मंगल तो बणायो,
वारीअ खे विछाए आसण थिरि लगायो।
मन्दर ऐं कुटियाऊँ, अञां भी सजीं हा॥

3. प्रेमी रोज़ निहारिनि-चिठियुनु लाइ चितारिनि,
करे याद हर हर वचन था विचारिनि।
पना प्रेम वारा, अञां भी मजीं हा ॥

4. **ऊधवदास** सारे संगति थी संभारे,
खणी नेण निमाणा तो दे निहारे।
भक्ति ज्ञान गुणनि सां-संगति खे रजीं हा॥

## भजन-35

तर्ज़ः पल पल यादि पवे थो ........

थलुः सत्गुरु मुंहिंजो कामिलि आहे, स्वामी टेऊँराम अदा।
स्वामी टेऊँराम अदा, निर्मल सो निष्काम अदा॥

1. जमन्दे जामु हुयो सो साहिबु, सूरत जो अभिराम अदा।
बालपणे में बोधु करे जंहिं, खूब जपायो नाम अदा॥

2. जवानीअ में जुहिदनि सां ठाह्यो, अमरापुर जो धाम अदा।
सत्संग जो दीबाण लगाए, पियारियो प्रेम जो जाम अदा॥

3. **जय प्रकाश** करियां मां तिनिखे, निविड़ी थो प्रणाम अदा।
महिर करे शल मूंखे रखन्दा, हरदम पंहिंजे शाम अदा॥



## भजन-36

तर्ज़ः महिफिल में जल उठी शमा ......

थलुः सत्गुरु टेऊँराम जगत जे-तारण लाइ आयो।
प्रेम प्रकाशी मण्डल बणाए-सभखे जागायो॥

1. ज्ञान ध्यान जी मूरत मुहिणी-जंहिंजी सूरत सभ खां सुहिणी।
भजन भोजन जो सारीअ सिन्ध में-पको विधाईं पायो॥

2. अमरापुर स्थान बणाए-वारीअ ते वियो मौज मचाए।
झंगल में मंगल बणाए मोहन, वेही जोगु कमायो॥

3. प्रेम सन्दो प्रचार सुणाए-भरम सभिनि जा छदियाईं भुलाए।
गोहर ज्ञानीअ सचे ध्यानीअ-नाम जो जाप जपायो॥

4. **धर्मदास** सची गुरु जी बाणी-हर मज़हब खे थे सेबाणी।
अहिड़े सत्गुरु देव सचे जो-गदिजी सभु जसु गायो॥

## भजन-37

तर्ज़ः पल पल यादि पवे थो .....

थलुः सत्गुरु टेऊँराम स्वामी, शंकर जो अवतार हुयो।

1. सूरत सुहिणो मन जो मुहिणो, मोहन मिठो मनठार हुयो।
जागन्दी ज्योति ब्रह्म जी जंहिंमें, विरिह वेराग वीचार हुयो॥

2. अन्दर बाहिर सादो सचलो, भगितीअ जो भण्डार हुयो।
पर उपकारी जत सत धारी, नाम नशे निर्वार हुयो ॥

3. कर्म धर्म ऐं ज्ञान ध्यान जो, प्रेम कन्दडु प्रचार हुयो।
सभिनि शिष्यनि श्रद्धालुनि जो नित, राम ज्यां रखवार हुयो॥

4. राग द्वेष ऐं दुःख सुख में सो, सदा **बसन्त** बहार हुयो।
हर मज़हब हर ज़ातीअ सां पिण, पूरो जंहिंजो प्यारु हुयो॥

## भजन-38

तर्जः दिल लूटने वाले जादूगर .....

थलुः स्वामी टेऊँराम अवतार हुयो, सभु सन्तनि जो सरदार हुयो।
मिठो मोहन मन जो ठारु हुयो, ऐं दिल जो वद॒ो उदार हुयो॥

1. नंढपिण खां जोग॒ु पचाए व्यो-वारीअ ते विरिह वसाए व्यो।
अमरापुर धाम बणाए व्यो-झंगल में मंगल बणाए व्यो।
झण्डो प्रेम प्रकाशी झुलाए व्यो-कयो प्रेम सन्दो प्रचार हुयो॥

2. जो दर ते आयो थे स्वाली-सो कोन वयो कद॒हीं खाली।
हुई सभ खां सखावत पिण आली-हर करामत में शक्तीशाली।
सदा मुंह में चमकी थे लाली-ऐं संगति सज॒ीअ जो सींगारु हुयो॥

3. ज्ञानिनि में पूरन हो ज्ञानी-ध्यानिनि में हो पूरन ध्यानी।
नित मान हून्दे हो निर्मानी-गुण ज्ञान भग॒ति जी हो खानी।
जो वीर कर्ण जां हो दानी-सदा भज॒न भोज॒न जो भण्डार हुयो॥

4. शुकदेव ज्यां बणिजी त्याग॒ी-कई वृत्ति जग॒त खां वेराग॒ी।
हरि चरननि में हो अनुराग॒ी-नित नाम जपीन्दो हो जाग॒ी।
ज॒णु शंकर जी सूरत साग॒ी-जो **बसन्त** बाग़ बहारु हुयो॥

## भजन-39

तर्जः सत्गुरु साहब सन्त मिलाया ....

थलुः स्वामी टेऊँराम जग॒त में, धार लिया अवतारा-सिरजणहारा।

1. ब॒ालक पण खां जत्ती वैराग॒ी-भेद भ्रम मोह ममता त्याग॒ी।
ज्ञानी गुणनि भण्डारा-सिरजणहारा ......

2. खिम्या शील सन्तोष उदारी-दीन दुखियनि जो हो दुखटारी।
अधीननि आधारा-सिरजणहारा ..........

3. श्रद्धा सां जे शरनी आया-वेदनि जा तिनि वचन सुणाया।
अनभइ ज्योति उजारा-सिरजणहारा ......

4. **स्वयं प्रकाश** वञां ब॒लिहारी-पतित पावन पर उपकारी।
अखण्ड ज्ञान अपारा-सिरजणहारा .......



## भजन-40

तर्जः जरा सामने तो आओ .........

थलुः स्वामी टेऊँराम गुणरास हो, कयो सफलो जंहिं निज स्वास हो।
भक्ति ज्ञान ध्यान खे धारे, कयो प्रेम सन्दो प्रकाश हो॥

1. शहर खण्डूअ में चेलाराम घर, जोग॒ी जन्म आयो धारे।
बचपनि में ई ब॒ोध पिरायो, मोह ममत खे मारे।
सचो जुहदनि सां जोग॒ कमाए, कयो गुर मंतर अभ्यास हो॥

2. राग॒ रूहानी वैराग॒ वारो, ग॒ाए मुल्क मस्तान कयो।
दर्द फिराक जी वाणी ठाहे, विरह अन्दर बइबान कयो।
खणी हथ में वज॒ायो यकतारो, कयो नाम अन्दर त निवास हो॥

3. प्रेम प्रकाशी मण्डल बणाए, प्रेम सन्दो प्रचार कयो।
सत्नाम साखी मंतर जपाए, प्रेमियुनि जो निस्तार कयो।
घुमियो हिन्द सिन्ध में मण्डली वठी, छद॒े आस बणियो त उदास हो॥

4. टण्डे आदम में वारीअ डिब॒ुनि ते, वाह जो हो रंग रचायो हो।
अमरापुर दरिब॒ार बणाए, धर्म जो झण्डो झूलायो हो।
मेलो चेट जी ब॒ारहींअ लग॒ाए, खोलियो **भजन** भण्डारो ख़ास हो॥

## भजन-41

तर्जः सारी सारी रात तेरी याद .......

थलुः सत्गुरु स्वामी टेऊँराम प्यारो, वाह जो वज॒ाए वियो नाम नगारो रे॥

1. कहिड़ी कयां तंहिंजी महिमां वद॒ाई, ज्ञान सन्दी जंहिं जोति जग॒ाई।
रखी वैराग॒ु हणी, नींह जो वियो नारो रे॥

2. जोग॒ी जती हुयो आशिकु निमाणो, ज्ञानी गुणी हुयो सालिकु सियाणो।
भग॒ती भाव जो हो भरियल भण्डारो रे॥

3. वारीअ ते वेही विरह वसायाईं, ग॒ोठ-ग॒ोठ में नाम जपायाई।
बणी सैलानी कयो सैर जंहिं सारो रे॥

4. प्रेम धर्म जो प्रचार कयाईं, जग॒तर जो उपकार कयाईं।
दास **भज॒न** रहिणी रही, नेही थ्यो नियारो रे॥

## भजन-42

तर्ज: दिन सारा गुज़ारा तेरे अंगना .......

थलु: वरी घर घर में वाधाई-बुधो सभई माई भाई। आयो स्वामी टेऊँराम....

1. धन कृष्णा चेलाराम, धन भागु खण्डूअ जो थियड़ो।
आखाड़ महिनो धन धन, छन्छर जो दीहुं थी वियड़ो।
धन छठि जी तिथी सुहाई, जन्मियो सत्गुरु सुखदाई।

2. थियो जमन्दे ही जामु, गुण ज्ञान भगति जी खाणी।
अनभइ जी ज्योति जगाए, लालण बणियो लासानी।
जंहिं वारी वेही वसाई, अमरापुर दरिबार बणाई॥

3. कयो सिन्ध में ऐं हिन्द में, जंहिं प्रेम सन्दो प्रचार।
सत् धर्म जी सिखिया देई, पाखण्ड जो कयो संघारु।
रखी दिल में साफु सचाई, तन मन जी ममता मिटाई॥

4. करे सेवा सन्तनि जी, खोल्यो भोजन **भजन** भण्डारो,
मेलो चेट में लगाए, वाह जो वजायो वारो।
सत्संग जी मौज मचाई, धुनी राम नाम जी लगाई॥

## भजन-43

तर्ज: आओं आओं हे सत्गुरु .......

थलु: कामिल कामिल हो कामिल मुंहिंजो, सत्गुरु टेऊँराम॥

1. खण्डूअ मां गुर अची वसायो, टण्डो आदम गाम।
अमरापुर दरिबार बणाई, वारीअ ते विश्राम॥

2. प्रेम प्रकाशी पंथ कढियाईं, ऐं साखी सत्नाम।
सत्संग जो दीबाण लगाए, प्यारियो प्रेम जो जाम॥

3. देश विदेश में सैर कयाऊँ, मण्डलीअ सहित मुदाम।
गुर मंतर जो जाप जपायो, सर्व सुखनि जो धाम॥

4. **हंस प्रकाश** याद पवे हरदम, सत्गुरु सुन्दर शाम।
सत् उपदेश दिनाईं सभ खे, न्यारो थी निष्काम॥



## भजन-44

तर्ज: लेके पहला-पहला प्यार .......

टेक: मेरे सत्गुरु टेऊँराम, सुमरे श्री साक्षी सत्नाम।
बनकर योगी वो बैठा, किया जंगल में विश्राम॥

1. खण्डू नगर में जन्म लिया था, सन्तों से मिल सत्संग किया था।
जीवन मुक्त हो जग में जिया था, प्रेम का प्याला भरके पिया था।
लेके आदी ओऽम नाम, छोड़ा दुनिया का सब काम॥

2. परमेश्वर से लगन लगाई, बचपन से गुरु सेवा कमाई।
सत्गुरु शब्द में सुरति मिलाई, बैठ एकान्त में शान्ती पाईं।
सदैव रहता था निष्काम, सब में व्यापक देखा श्याम॥

3. रेत के ऊपर डेरा लगाया, अमरापुर तिस नाम रखाया ।
कूप गंगा जल ज्यों बनवाया, सबने नहाके आनन्द पाया।
मिटती पाप-ताप की घाम, कीजे सबके पूरन काम॥

4. **गोविन्द** प्रेम का प्याला पिलाया, सत् कर्मो का मग दिखलाया।
धर्म सनातन झण्डा झुलाया, प्रेम प्रकाशी मण्डल बनाया।
करते सत्संग आठों याम, वर्खा वचनों की अभिराम॥

## भजन-45

तर्ज: रेशमी सलवार कुर्ता जाली का....

टेक: स्वामी टेऊँराम हुआ अवतारी जी।
शील संजम संतोष खिमिया धारी जी॥

1. वैराग का बीज लगाया, सत्संग का बाग़ बनाया।
अरु प्रेम का पानी पिलाया, गुण ज्ञान फूल फल लाया।
सुगन्ध सुखकारी जी॥

2. बन योगी योग कमाया, मन माया में न लुभाया ।
आत्म का आनन्द पाया, अरु द्वैत को दूर भगाया ।
भ्रम भयहारी जी॥

3. ब्रह्म ज्ञान की बीन बजाई, सत्संग में बैठ सुनाई।
वचनों की वर्खा लाई, गुण ज्ञान रोशनी छाई।
अज्ञ तम टारी जी॥

4. क्या **गोबिन्द** महिमा गाऊँ, कुछ पार नहीं मैं पाऊँ।
चरनों में सीस निवाऊँ, तन मन की भेंट चढ़ाऊँ।
जाऊँ बलिहारी जी॥

## भजन-46

तर्जः आ लौटके आजा मेरे मीत......

टेकः मेरे स्वामी टेऊँराम कभी आ कण्ठ लगाओगे।
करूं याद सुबह और शाम, कभी आ दरस दिखाओगे।

1. तेरे दरस की प्यास लगी है, कैसे मैं जीवन बिताऊँ।
तेरा बिछोड़ा सह न सकूं मैं, नैनें नीर बहाऊँ।
मेरे मन में नहीं आराम, कभी मेरा कष्ट मिटाओगे॥

2. तेरे बिना मैं व्याकुल रहता, रैन दिवस मैं प्यासी।
जैसे पपीहा बूंद के कारण, निशदिन रहत उदासी।
कर मेरे पूर्ण काम, कभी मेरी प्यास बुझाओगे॥

3. तेरे बिना मैं तड़प रहा हूं, जैसे चन्द्र चकोरा।
जैसे बादल वर्षा से नित, प्रीति लगावत मोरा।
देकर के मोहि विश्राम, कभी मेरा मन हर्षाओगे॥

4. तेरे बिना मैं जी न सकूंगा, जैसे जल बिन मीना।
खाना पीना सब फीका लगे जब, तेरा दरस नहीं कीना।
निर्मानी हे निष्काम, कभी मेरे दिल को जगाओगे॥

5. **गोविन्द** तेरा दर्शन मांगूं, सत्गुरु शीघ्र आओ।
नैनों को आके शीतल करो अब, अपने चरण लगाओ।
निज प्रेम का योगी जाम, कभी आ मोहि पिलाओगे॥



## भजन-47

तर्जः जीए मुंहिंजी सिंध मां त घोरियां .....

थलुः जन्मु मनायो मिली मौज मचायो, मुंहिंजो सत्गुरु आयो।
सत्गुरु आयो स्वामी टेऊँराम आयो,बाबा खण्डूअ वारो आयो॥

1. सभिनी खे लख लख वाधायूं, जन्मु गुरुअ जो गदिजी मनायूं।
शहर-शहर में खुशियूं मनायूं, चरणनि में अजु शीशु निवायूं॥

2. नामु जपाइण सत्गुरु आयो, जीव ईश जो भेदु मिटायो।
धर्मु सनातन झण्डो झुलायो, प्रेम प्रकाशी पंथ बणायो॥

3. घर-घर में अजु ज्योतियूं जागायो, पाण नचो ऐं बियनि खे नचायो।
सभिनी जो थियो लायो सजायो, ताड़ियूं वजायो सब नचो ऐं गायो॥

4. देहि धरे दर्वेशनि वारी, आयो सत्गुरु पर उपकारी।
महिमा जंहिंजी सचु पचु न्यारी, **ब्रह्मानन्द** मां वञां बलिहारी॥

## भजन-48

तर्जः ऐ मालिक तेरे बन्दे हम ......

थलुः मुंहिंजा सत्गुरु साईं टेऊँराम, तोखे रामु चवां या घनश्यामु।
आहियां बालकु तुंहिंजो, बुधु अर्ज़ु मुंहिंजो,
कया शेवा सदा निष्कामु॥

1. शल धर्म जी रहिजी अचे, मन मुंहिंजे में भक्ती अचे।
तोसां रहिजी अचे, नींहु निभिजी अचे,
जपियां मंत्रु साखी सत्नामु॥

2. बियो शांती ऐं सुमती अचे, करि कृपा न कुमती अचे।
धरियां ध्यानु तुंहिंजो, जपियां नामु तुंहिंजो,
पायां आत्म आनन्दु सुखधामु॥

3. प्रेमु सत्संग मूं मन में अचे, मनु मालिक सां रंगजी वञे।
**ब्रह्मानन्द** मां बारु, मुंहिंजो जन्मु सुधारि,
शरण तुंहिंजी वठां सुबुह शाम॥

## भजन-49

तर्जः तूने मुझे बुलाया शेरा वालिये ...

टेकः सत्गुरु टेऊँराम जी अब तो आइये,
दर्शन प्यारा प्यारा तो दिखाइये ।
दर्श तो दिखाइये ज्योति जगाइये, भ्रम को मिटाइये॥

1. मैं बालक तू सबका स्वामी, मैं मूर्ख तू अन्तर्यामी।
मेरे मन की प्यास बुझादे, ज्ञान का दीपक मन में जगा दे।
घोर अन्धेरा छाया, अब तो आइये॥

2. धर्म के रक्षक नित अवतारी, आन पड़ी है विपदा भारी।
भटके हुए को राह दिखादे, बिछुड़े हुए को फिर से मिलादे।
भक्तों ने है पुकारा, अब तो संभालिये॥

3. चारों तरफ माया ने है घेरा, सबको सहारा एक है तेरा।
प्रेम का प्याला सबको पिलाके, अपने निज चरणों में बिठाके।
**ब्रह्मानन्द** बच्चों को न भुलाइये॥

## भजन-50

तर्जः सज रही गली मेरी मां ......

थलुः सूंहें मुंहिंजो सांई टेऊँराम, गेरूअ चोले में।

1. वाह गेरू तुंहिंजा भाग भलारा,
बुधाइ त कहिड़ा तो कर्म कमाया।
सुंहनि पिया संत सुजान॥

2. गेरूअ रंग जी आ शोभा न्यारी,
दि॒सण सां भुलजी वई सुध बु॒ध सारी।
दि॒ठम त रब वारी राह॥

3. गेरूअ चोले जी थी सफली कमाई,
**ब्रह्मानन्द** जहिंजी साख सुणाई।
सभिनि संतनि जो शानु॥



## भजन-51

तर्जः किसी राह में किसी मोड़ पर ......

थलुः सत्गुर मिठे तुंहिंजे नाम तां, सभिनी सुखनि जे धाम तां,
ब॒लिहारु मां, ब॒लिहारु मां।
गुरुदेव सुन्दर श्याम तां, सचे स्वामी टेऊँराम तां॥
ब॒लिहारु मां, ब॒लिहारु मां।

1. दे॒ई प्यारु तो पंहिंजो कयो,
दुखु दूरि सभु मुंहिंजो कयो।
रखी हथु मथे ते महर संदो,
सद॒ड़ो कयो मुंखे प्यार मां॥

2. मां अज्ञान निंड में सुतल हुयुसि,
मोह ज॒ार में फाथलु हुयुसि।
दे॒ई बो॒धु मूंखे जग॒ाए तो,
कढ़ियो मोह जे महाज॒ार मां॥

3. मुंहिंजो मनु तपति में ततलु हुयो,
विषयुनि जे गप में गतलु हुयो।
दे॒ई ठारु पंहिंजे वचन संदो,
कयो धार जग॒त असार मां॥

4. मुंहिंजे मनु में हुई कुमती किनी,
कढी कुमति तो सुमती दि॒नी।
दे॒ई नाम जी मूंखे रोशनी,
रोशन कयो अन्धकार मां॥

5. मूंखे मनुष कयो हैवान मां,
कयो देवु॒ तो इन्सान मां।
**मनोहर** बणायो ब्रह्म तो,
कहिड़ा ग॒णियां उपकार मां॥

23

## भजन-52

तर्जः मेरा प्यार भी तू है .......

थलुः मूंखे तार अची, कर पारअची, सचा सत्गुरु टेऊँराम सांईं।
हिन भवसागर मां, भवसागर मां, तार-तार-तार-तार॥

1. भवसागर जे लहरुनि लोदुनि, दाठो मूंखे आहे दुकायो।
हेठि मथे हर हेदांहुं होदांहु, देई फेराटियूं खूब फरायो।
साहु सजो त सुकायो॥

2. मछ कछ मांगर वागुन सां गदु, नांग बलाउनि आहे वरायो।
चक पाए कनि घायलु मूंखे, तिनिखां बाबल अची बचायो।
दाता देर न लायो॥

3. हेठ बि पाणी मथे बि पाणी, जेदांहं निहारियां पाणी पाणी।
विच पाणीअ में गोता खाई, दिलड़ी मुंहिंजी थी वेगाणी।
सत्गुर थीउ तू साणी॥

4. चइनी पासे दिठुमि निहारे, सत्गुर तो बिन वाह न काई।
नदीअ मंझां जींअं कढियुव खिलूअ खे, **मनोहर** सां तींएं थियो सहाई।
हे सत्गुर सुखदाई॥

## भजन-53

तर्जः तुम रूठ के मत जाना ......

थलुः मुंहिंजा सत्गुरु टेऊँराम, मुंहिंजो सभनी खां पहिरीं,
तवांजे चरननि में प्रणाम॥

1. बियो सेवा कयां तन सां, अभिमान मिटे मन जो,
सब दूर थियनि संसा॥

2. टियो नामु जपियां तुंहिंजो, मूंते कृपा कयो पंहिंजी,
सदा ध्यान रहे तुंहिंजो॥

3. चोथी मन में हीअ आशा, जनम सफल थिये मुंहिंजो,
मिले अमरापुर वासा॥

4. **जयदेव** करे विनती, तुंहिंजे दर जो आहियां गुलाम,
मुंखे दिजो सदा सुमती॥



## भजन-54

तर्जः देख तेरे संसार की .....

टेकः कलयुग में भव तारण आये, त्रेतायुग युग के राम।
मेरे सत्गुरु टेऊँराम॥

1. खण्डू शहर में जन्म इन्हीं का, गुरु है आसूराम जिन्हीं का।
माता कृष्णा बाई जिनकी, पिता है चेलाराम॥

2. भक्तो श्रद्धा मन में भरलो, ये ही राम हैं दर्शन कर लो।
भक्ति मुक्ती के दाता सत्गुरु, सर्व सुखों की खान॥

3. जब भी प्रेमी इन्हे बुलाते, अमरापुर प्रभु छोड़ के आते।
भक्तो के दुखड़ों को हरना, ये ही है इनका काम॥

4. सिर पे हो प्रभु हाथ तुम्हारा, मिलता रहे हमें तेरा सहारा।
दास **जयदेव** ये मांगे तुमसे, दे दो नाम का दान॥

## भजन-55

तर्जः ओ मुझे किसी से प्यार हो गया ......

थलुः ओ सुणो सादगी स्वामी टेऊँराम जी, टेऊँराम जी सुन्दर शाम जी।

1. टिनि चइनि दरबारिनि जे हून्दे, महिलात माड़िनि जे हून्दे,
खबड़ खासु दिठमि, कन्दो वासु दिठमि, ऐं अभ्यासु दिठमि।

2. केई कीमती कपड़नि जे हून्दे, रेशम बख्मलि वाइल जे हून्दे,
पाईंदो खादी दिठमि, वृत्ती सादी दिठमि, ऐं समाधी दिठमि।

3. चाहे वेलो हुजे चाहे मेलो, कदहिं अन्दर न खाधो अकेलो,
गदिजी गाईंदो दिठमि, गदिजी खाईंदो दिठमि, ऐं विरिहाईंदो दिठुमु।

4. इन्हीअ रहिणीअ सां उमिरि गुजारी, कई **पहिलाज** सादगी प्यारी,
नालो अमर करे, विया अजर करे, यादि घर घर करे।

## भजन-56

तर्ज:सुनो सीता की कहानी .....

थलु:खण्डूअ में देहि धराई, टण्डे में वारी वसाई,
जमण सां जाम, स्वामी टेऊँराम, हुयो को नूर इलाही।

1. कृष्णा भी कीमियागर कुख में, सांढियो साल समूरो।
अठें नवें प्या जमनि मगर ही, महापुरुष हो पूरो।
अगें जन्म जो जोगी हुयड़ो, भगितीअ में भरपूरो।
छठि आखाड़ ते नींगर निकतो, नूर महल मां नूरो।
ऊआं ऊआं जे एवज़ वाई, ऊहां ऊहां थे आई॥

2. चइनि सालनि जो चितड़ो लाए, बुधे अमड़ खां वाणी।
हर हर चवे सुणाइजि माता, हुअण में हैरानी।
माउ मिठी भी दादे आसन जी, वाणी चवे कहाणी।
बोल बुधी पोइ बारन वांग्यां, भरे अख्युनि में पाणी।
हो बालक पर अन्दर सालिक – समुझे गाल्हि सभाई॥

3. अमड़ि विहारियो विद्या खातिर, आसूराम वटि आणे।
हो मास्तर पर सन्त सचो सो, सालिक वतो सुञाणे।
चयईं जोगी तूं अगें जन्म जो, जाणु सभई थो जाणे।
लाइ समाधी सरूप जी, बी छार कंदें छा छाणे।
हिक करणी बी करम गती, टियों सत्गुरु थ्यो सहाई॥

4. नर नूरी हो आदि असुल खां, बाकी बण्यो बहानो।
बँगला बाग़ छदे कयो मालिक, मसाणनि में मैखानो।
वाणीअ जो परवाह पलिटियो, केर पाए पैमानो।
तार तंबूरो हरदम हथ में, मुल्कु मथां मस्तानो।
साल बारहें खां बावीहें ताईं–कामिल कई कमाई॥



5. जोगु कमाए जोगी निकितो, सैर करण सैलानी।
मोहित थी प्या वाणीअ ते, केई लखें लाल लासानी।
के सेवक के शिष्य बणिया के निहंग बण्या नूरानी।
टण्डे में कैलास मिसल दिठी, डिब वारीअ जी जानी।
झंगल में थी मंगल वियड़ा, अमरापुर ठहराई॥

6. हक जो होको बुधी हासिदनि, अन्दर आंदी ईर्खा।
बाग पटे व्या खूह लटे व्या,त बि स्वामी जिन सर्खा।
बाहि दई व्या भूंगियुनि खे त बि, चयाऊं पवे थी पर्खा।
बिया भी सूर सठाऊँ सिर ते जीअं सांवण जी वर्खा।
आह न निकिती दांहं न निकिती, एदी बेपरिवाई॥

7. देहि धरे दर्वेशनि वारी, जग खे तारण आयो।
संतु सचो थी सिन्धु जी बेड़ी, पार उकारण आयो।
दु:ख वारन जा दुखड़ा स्वामी, टेऊँराम टारण आयो।
प्रेमिनि जा **पहिलाज** चवे सभ, कारज संवारण आयो।
पंजनि ततनि जी देहि त्यागे – ज्योती ज्योति समाई॥

## भजन-57

थलु: स्वामी टेऊँराम तुंहिंजो झण्डो झूले, प्रेम प्रकाशी वणु फले फूले।

